

# कश्मीरी हवाओं ने घोली ठंडक, कोहरे के कारण दो विमानों के रूट डायवर्ट

- दिनभर छाए रहे बादल, छुपा रहा सूरज
- 40 वर्ष बाद अक्टूबर में हुई सर्वाधिक बारिश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में गुरुवार सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया. कश्मीर की ओर से चल रही सर्द हवाओं और घने कोहरे ने फिजा में ठंडक घोल दी. दृश्यता इतनी कम हो गई कि हवाई यातायात पर भी इसका असर पड़ा. वहीं, इस वर्ष अक्टूबर में सर्वाधिक बारिश होने के कारण भी वातावरण में ठंडक बढ़ गई है.**

वर्ष 1985 के करीब 40 साल बाद अक्तूबर 2025 सर्वाधिक बारिश वाला वर्ष रहा. अक्टूबर 1985 में 230.3 मिमी (9.07 इंच) बारिश के बाद इस वर्ष 128.5 मिमी (5.06 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है. बारिश से वातावरण में ठंडक बढ़ गई है.यदि नवंबर में मावठा गिरा तो और ठंड बढने् की संभावना है.

कोहरे और बादलों से घिरे मौसम के बीच शहर में दिनभर ठंडक बनी रही. मौसम विभाग के अनुसार, इंदौर का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7 डिग्री और पिछले दिन की तुलना में 4.6 डिग्री कम था. वहीं, न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा रहा. हवाओं की दिशा उत्तरी और उत्तर-पूर्वी रही तथा गति 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची. दृश्यता सुबह के समय 500 मीटर तक सीमित रही, जबकि अधिकतम 3 किलोमीटर तक दर्ज की गई. कई क्षेत्रों में हल्की फुहारें भी पड़ीं, जिससे माहौल और सुहाना हो गया. मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर में सक्रिय सिस्टम और मोंथा तूफान के असर से नमी बनी हुई है. इसके चलते अगले कुछ दिनों तक इंदौर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश और ठंड में बढ़ोतरी की संभावना है. बादल छाए रहने से धूप में कमी और ठंड में इजाफा देखने को मिलेगा.

### शारजाह जाने वाले यात्री भी फंसे

बादलों में सूरज पूरे दिन छुपा रहा और दृश्यता इतनी कम हो गई कि हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ. सुबह एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरलाइंस की दो फ्लाइटों को दृश्यता न होने के कारण इंदौर की जगह अहमदाबाद और भोपाल डायवर्ट करना पड़ा. सुबह 7.55 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट जब इंदौर पहुंची तो एयर ट्रैफिक कंट्रोल से उतरने की अनुमति नहीं मिली. लगभग 20 मिनट हवा में चक्कर लगाने के बाद विमान को अहमदाबाद भेज दिया. इसमें 171 यात्री सवार थे. इसी तरह इंडिगो एयरलाइंस की बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट 6 ई-959 को भी कोहरे के कारण भोपाल भेजना पड़ा, जिसमें 164 यात्री सवार थे. दिल्ली से इंदौर आने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह फ्लाइट सुबह 9.25 बजे शारजाह के लिए रवाना होती है, लेकिन दिल्ली से विमान न पहुंच पाने के कारण इंदौर से शारजाह जाने वाले यात्री एयरपोर्ट पर अटक गए. वहीं, बेंगलुरु से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट को भी वापसी में देरी करनी पड़ी. अधिकारियों के अनुसार, दोनों विमानों के 11.30 बजे तक इंदौर पहुंचने और दोपहर तक रवाना होने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खबर लिखे जाने तक फ्लाइट्स नहीं पहुंची थीं.

# कुछ यूं काम करता है अफसर, पार्षद और ठेकेदारों का 'गठबंधन'!

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम और पार्षदों के बीच एक अन्य तरीका प्रचलित है, जिसको अधिकारी, पार्षद और ठेकेदार गठबंधन कह सकते हैं. इस गठबंधन में अधिकारी और पार्षद के वार्ड में काम करने वाले ठेकेदार फिक्स रहते हैं. इसके पीछे एक ही काम होता है मिल बांटकर भ्रष्टाचार करना और जमकर काम होना दिखाना.

नगर निगम में चार दिन पूर्व अधिकारी और पार्षद के बीच झगड़ा होना नई बात नहीं है. दोनों के बीच मध्यस्थता का काम ठेकेदार करते हैं. ठेकेदार ही पार्षद को वार्ड के काम करवाने की सलाह देता है. निगम अधिकारी पार्षद को बताते हैं कि इस काम में इतना पैसा और उस काम में इतना मिलेगा! अधिकारी ठेकेदार का नाम आगे करते है और पार्षद से कहते हैं अपना आदमी है और आप को भी कोई परेशानी नहीं आएगी! इसके बाद ठेकेदार को पार्षद की हाजरी यानि उसके ऑफिस या घर भेजा जाता है. पार्षद को ठेकेदार वार्ड में कामों की फाइल बनाने और उसके अनुमोदन के लिए सब तरह की सीख देता है. निगम के बड़े अधिकारी के पास फाइल जाती है और कार्य मंजूर करने की जिम्मेदारी अन्य अधिकारी लेते हैं. अधिकारी, ठेकेदार का बिल भी पास करवाने का अनुमोदन करते हैं. इस सबके बीच किसको कितना मिलेगा यह पहले से ही तय होता है. ठेकेदार पार्षद को समझाता है कि मैंने उस वार्ड में काम किया और वहां के तत्कालीन पार्षद से आप पूछ सकते है. यह तो हुआ बड़े काम का गठबंधन, इसमें निर्माण कार्य, बड़ी ड्रेनेज और पानी की लाइन डालने जैसे काम होते हैं.




### दरोगा की भी होती है भूमिका

इसके उलट जिस तरह कलेक्टर कार्यालय में सारे तालों की चाबी पटवारी होता है. उसी तरह निगम झोनल कार्यालय पर सारे तालों की चाबी दरोगा के पास रहती है. उसमें मुख्य रूप से भवन निर्माण और अनुज्ञा से जुड़े दरोगा की भूमिका होती है. निगम दरोगा को पूरे वार्ड की जानकारी होती है. उसमे निजी निर्माण शामिल होते है, जिसमें भवन, मल्टी और अवैध निर्माण कार्य होता है. दरोगा के अलावा पार्षद समर्थक कुछ लोग भी होते है. दरोगा नोटिस देता है और निर्माणकर्ता पार्षद को अप्रोच करते हैं. दरोगा- पार्षद, भवन इंस्पेक्टर और भवन अधिकारी को साधने का काम करता है. भवन निर्माता को दरोगा, अधिकारी को पार्षद और पार्षद को अधिकारी, नहीं मान रहे है, ऐसी जानकारी देता है. भवन निर्माता खासकर अवैध निर्माण करने वाला तुड़वाने की धमकी से डरकर लेनदेन करके मामला निपटने में विश्वास करता है. इसमें बिना किसी संकोच के पैसा गोपनीय तरीके से सबके हिस्सों में बंट जाता है.

### पदस्थापना के लिए अनुशंसा

निगम में अधिकारी, ठेकेदार और पार्षद के बीच उपरोक्त तरीकों से तय ठेकेदार मुख्य भूमिका निभाते है. उक्त गठबंधन की विशेषता यह होती है कि पार्षद मनचाहे अधिकारी की पदस्थापना के लिए आयुक्त को अनुशंसा करते है, यह मौखिक होती है. इसमें वरिष्ठ हो चुके पार्षद जिनकी निगम में चलती है, और जो निगम अधिकारियों को मनचाहा झोनल कार्यालय भी दिलवाते हैं, पदस्थापना भले ही निगम आयुक्त के आदेश से होती हो, लेकिन पर्दे के पीछे खेल में मुख्य भूमिका पार्षदों की होती है.

# विजयवर्गीय बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती, आज होगी छुट्टी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. आज उनकी छुट्टी हो जाएगी.**



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज सोनकच्छ में विकास कार्यों का भूमिपूजन करने गए थे. उन्हें वही पेट की तकलीफ हुई। सोनकच्छ से लौटते समय बॉम्बे हॉस्पिटल में जांच कराने रुक गए. जांच में गेस्टिक समस्या के कारण उन्हें तकलीफ बताई गई. उनकी सभी जांचे की गई और सब नॉर्मल है. जांच में कोई शारीरिक परेशानी नहीं निकली है. त्यौहार के कारण बाहर का खाना पीने में आने से उन्हे गेस्टीक समस्या हो गई. विजयवर्गीय वैसे आम तौर बाहर का खानपान अवॉइड करते है. शाम को डॉक्टर डिचार्ज भी कर रहे थे, लेकिन परिजनों ने अस्पताल में ही रात आराम करने का निर्णय लिया. परिजनों का मानना था कि घर पर आराम नहीं होगा और मिलने जुलने लग जाएंगे.

## एक नजर में

### केप्री ग्लोबल कैपिटल ने जारी किए वित्तीय परिणाम

इंदौर. एनबीएफसी केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की 29 अक्टूबर को घोषणा की. सीजीसीएल ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अपनी मजबूत वृद्धि की गति को बनाए रखा, जिसमें कंसोलिडेटेड एयूएम सालाना आधार पर 40 फीसदी और तिमाही आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 27,040 करोड़ रुपये हो गया. यह वृद्धि व्यापक आधार वाली थी, जिसमें गोल्ड लोन में 58 फीसदी और हाउसिंग लोन में 37 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई. प्रमोटर एवं प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने इस प्रदर्शन पर कहा हमें सभी उत्पाद खंडों में महत्वपूर्ण वृद्धि की गति अभी भी दिख रही है. उधार का हमारा विविध और सुरक्षित मॉडल हमें बड़े बाजार में अवसर का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में रखता है, जो टिकाऊ और मुनाफे वाली वृद्धि प्रदान करता है. प्रौद्योगिकी में निवेश और ग्राहकों को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण पर हमारा फोकस हमें कुशलतापूर्वक स्केल करने में सक्षम बनाना जारी रखेगा.

### एलआईसी एमएफ ने लॉन्च किया कंजम्पशन फंड

इंदौर. भारत के प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड ने अपने थीमैटिक फंड 'एलआईसी एमएफ कंजम्प्शन फंड' को लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो उपभोग थीम पर आधारित है. स्कीम का न्यू फंड ऑफर 31 अक्टूबर को खुलेगा और 14 नवंबर को बंद होगा. स्कीम 25 नवंबर से निरंतर बिक्री और पुनर्खरीद के लिए दोबारा खुल जाएगी. इस स्कीम का प्रबंधन सुमित भटनागर और करण दोशी के द्वारा किया जाएगा. इसे निफ्टी इंडिया कंजम्प्शन टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के साथ बेंचमार्क किया जाएगा. एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर.के. झा ने एनएफओ के बारे में कहा हम एक उपभोग आधारित फंड लॉन्च कर रहे हैं, क्योंकि भारत में आने वाले सालों में उपभोग में बड़ा उछाल आने की उम्मीद है. एक बड़ा मध्यम वर्ग भारत को उपभोग की शक्ति बनाएगा. इस प्रकार, हमारा नया फंड खुदरा निवेशकों को इस साइकिल का लाभ उठाने का बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है.

### खाटू श्याम बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज से



इंदौर. साजन नगर में भक्तों से सहयोग से खाटू श्याम बाबा एवं भगवान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न होने पर 31 अक्टूबर एवं शनिवार 1 नवंबर को नवनिर्मित मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय दिव्य आयोजन किया जा रहा है. आयोजन के प्रमुख सुरेश रामपीपलिया ने बताया कि इंदौर श्याम प्रेमी संघ के तत्वावधान में इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 31 अक्टूबर को आचार्य पं. पुरुषोत्तम भरद्वाज के मार्गदर्शन में विद्वानों द्वारा मंडल स्थापना, प्रतिमाओं के अन्नाधिवास, जलाधिवास एवं फलाधिवास सहित दिव्य विधान किए जाएँगे. विधि-विधान के साथ श्याम बाबा के शीश की आध्यात्मिक ऊर्जा का आह्वान भी होगा. बाबा के शीश की प्रतिमा जयपुर से बनवाकर बुलवाई गई है. शनिवार देवउठनी एकादशी एक नवंबर को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य महोत्सव एवं जन्मोत्सव समारोह वैदिक मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच सुबह 11 से 12.30 बजे अभिजीत मुहूर्त में होगा.

### फिनएक्स म्यूचुअल फंड ओलंपियाड लॉन्च किया

इंदौर. एडटेक प्लेटफॉर्म फिनएक्स ने भारत के पहले राष्ट्रीय म्यूचुअल फंड ओलंपियाड 2025 के लॉन्च की घोषणा की है- यह वित्तीय साक्षरता, निवेश जागरूकता और छात्रों के बीच रोजगार के लिए तत्परता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित पहला बड़ा मंच है. इस पहल को एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, एक्सिस म्यूचुअल फंड और भारतीय बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र कौशल परिषद का समर्थन प्राप्त है. इसका उद्देश्य 20 से अधिक राज्यों के 500 कॉलेजों में 10,000 से अधिक छात्रों तक पहुँचना है, जिसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। फिनएक्स के सीईओ हिमांशु व्यापक ने कहा राष्ट्रीय म्यूचुअल फंड ओलंपियाड एक प्रतियोगिता से कहीं अधिक है- यह वित्तीय साक्षरता को मुख्यधारा बनाने का एक आंदोलन है. हमारा दृष्टिकोण वित्तीय रूप से जागरूक, करियर के लिए तैयार युवाओं की एक पीढ़ी का पोषण करना है जो सूचित धन निर्णय ले सकें और भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे सकें.

### टीसीआई ने दूसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की

इंदौर. ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 30 सितंबर, को समाप्त दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की. वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के कंपनी का राजस्व 12,174 मिलियन, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8% वृद्धि दर्शाता है. एबिट्डा 1,624 मिलियन रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 7% की वृद्धि है. पीएटी 1,135 मिलियन रहा जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6% की वृद्धि है. कंपनी के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा हमें दूसरी तिमाही में स्थिर प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो ऑटो, एफएमसीजी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में मजबूत माँग से प्रेरित है, जो हमारी रणनीति, परिचालन दक्षता और प्रभावी कार्यान्वयन की मजबूती को दर्शाता है. सभी उत्पाद खंडों/डिवीजन्स ने संतोषजनक प्रदर्शन किया है।

# संपत्ति कर सत्यापन के लिए 15 दिन का मौका : महापौर

- टैक्स में किसी तरह की छूट नहीं दी जा रही
- पारदर्शिता के साथ समय सीमा में वसूली पर जोर

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ने संपत्ति वेरिफिकेशन अभियान शुरू किया है. आज से 15 दिनों तक करदाता स्वयं अपने संपत्ति कर के सत्यापन और व्यवसायिक उपयोग का संशोधन करवा सकता है. महापौर ने करदाताओं और नागरिकों से अपील की है कि वे अपने खातों में सुधार, नए खाते और विसंगतियों को झोनल कार्यालय जाकर दूर करवाएं. इसके बाद नगर निगम के दल वार्डों में खाकर संपत्तियों का सत्यापन करेंगे.



स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर अब विकास कार्यों को गति देने के लिए रेवेन्यू सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि जो लोग नई संपत्तियों को जोड़ना चाहते हैं या पुराने खातों में सुधार करवाना चाहते हैं, वे आगामी 15 के शिविर में संबंधित जोन कार्यालयों में संपर्क करें. 15 दिन के बाद निगम की टीम मौके पर जाकर संपत्तियों का वेरिफिकेशन करेगी. महापौर भार्गव ने स्पष्ट कहा कि संपत्ति कर में किसी भी प्रकार की छूट देने का प्रश्न ही नहीं उठता. उन्होंने बताया कि कानूनन संपत्ति कर की गणना तय तारीख से की जाती है. टैक्स में किसी तरह की छूट देने की शक्तियां राज्य सरकार के पास हैं. साथ ही जिन्होंने टैक्स नहीं भरा है, उन्हें छूट देना संभव नहीं है.

### जनप्रतिनिधि पूरी तरह निगम के साथ

उन्होंने कहा कि शहर हित के सभी कार्यों और अभियानों में जनप्रतिनिधि पूरी तरह निगम के साथ हैं. चाहे अवैध होर्डिंग्स हटाना हो, संपत्ति कर या जलकर की वसूली सभी पार्षद और विधायक शहर विकास के पक्षधर हैं. महापौर ने कहा कि हमारी आपत्ति केवल इस बात की है कि जब कोई अभियान शुरू किया जाए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी होनी चाहिए.

# कल से चेहरा देखकर लगेगी उपस्थिति

- प्रदेश के सभी नगर निगम में व्यवस्था हो रही लागू

**इंदौर. प्रदेश के सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं में कार्यरत सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों की फेस (चेहरा) आधारित उपस्थिति शुरू हो जाएगी. प्रदेश के 413 नगरीय निकाय में उक्त व्यवस्था लागू की जा चुकी है.**

नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह पहल कर्मचारियों की उपस्थिति प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. नगरीय निकायों में आगामी कुछ समय में कर्मचारियों का वेतन एवं भुगतान भी उक्त फेस आधारित उपस्थिति के आधार पर बनाया जाएगा. ध्यान रहे कि वर्तमान में प्रदेश के एक लाख 35 हजार से अधिक नगर निगम और पालिका कर्मचारियों ने अपना पंजीयन करा लिया है. नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नगरीय निकायों में यह व्यवस्था सुचारू रूप से कार्य करे. साथ ही कर्मचारियों को आवश्यक तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए.

# अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने की सिफारिश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने की सिफारिश करने की चर्चा है. साथ ही यह भी चर्चा है कि उनको 5 साल तक कोई चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध भी लगाया जाएगा.**



कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने के लिए नगर निगम परिषद सम्मेलन में बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित कर दिया गया है. उनको हटाने के लिए निगम परिषद का प्रस्ताव संभागायुक्त को आगामी कारवाई के भेजा गया था. सूत्रों के अनुसार संभागायुक्त सुदामा खाड़े ने धारा 19 ( 1 और 2 ) के तहत कारवाई करते हुए कादरी को पार्षद पद से हटाने की सिफारिश कर दी है. इस आशय का पत्र राज्य निर्वाचन आयोग को अनुमोदन प्राप्त कर्ण के लिया भेजा है. बताया जा रहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग पत्र के आधार पर अनुमति देगा और संभागायुक्त आदेश जारी कर देंगे.

# अहिल्या माता गोशाला में गोवंश को समर्पित किए 56 भोग

- भक्तों ने की लड्डू गोपाल के साथ सप्त गोमाता मंदिर की परिक्रमा

**इंदौर. केशरबाग रोड स्थित प्राचीन अहिल्या माता गोशाला पर गुरुवार को हजारों गो भक्तों ने अपने घरों और मंदिरों से लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं लाकर गोशाला परिसर स्थित सप्त गो माता मंदिर एवं गो माता की परिक्रमा की. इन भक्तों ने सुबह से दोपहर तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोसेवा एवं गो पूजन का पुण्य लाभ उठाया. गोवंश को हरी सब्जी, फल एवं अन्य व्यंजनों सहित 56 भोग भी समर्पित किए गए.**



गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी के अवसर पर गोशाला स्थित सभी गायों को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था. आचार्य पं. मुकेश शास्त्री के निर्देशन में विद्वान पंडितों ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के बीच गाय-बछड़े का पूजन संपन्न कराया. गो भक्तों में बचपन से पचपन तक के करीब चार हजार बालक, युवा एवं बुजुर्ग शामिल थे. अनेक विशिष्टजन गोशाला पहुंचकर विभिन्न अनुष्ठानों में शामिल होते रहे. महिलाओं ने गोमाता की आरती के साथ ही भजन भी गाए. अनेक स्कूली बच्चों ने भी आज गोशाला पहुंचकर गोसेवा की. सबसे प्रमुख आकर्षण था लड्डू गोपाल द्वारा सप्त गोमाता मंदिर की परिक्रमा का. गोशाला की ओर से गो भक्तों से आग्रह किया गया था कि वे अपने घरों के मंदिरों के लड्डू गोपाल की प्रतिमाएं लेकर गोशाला आएं और सप्त गो माता मंदिर की परिक्रमा करें. इस आव्हान के फलस्वरूप कोई 200 से अधिक गो भक्तों ने लड्डू गोपाल के साथ मंदिर एवं गो माता की परिक्रमा की.

### तुलादान भी किया

अनेक गो भक्तों ने गोशाला में आकर जैविक खाद, गोमूत्र अर्क एवं विभिन्न औषधियां भी खरीदी और आधुनिक मशीन से अपने आभा मंडल का परीक्षण भी कराया. कुछ बच्चों और गो भक्तों ने तो अपना जन्मदिन भी गोसेवा के साथ मनाया। अनेक भक्तों ने तुलादान भी किया. सैकड़ों श्रद्धालु अपने-अपने घरों से छप्पन भोग भी बनाकर लाए थे, जो गोवंश को समर्पित किए गए। अंत में संयोजक सी के अग्रवाल ने आभार माना।

वर्कशॉप | मोटिवेशनल स्पीकर हरीश साईं रमन ने फिक्की फ्लो में ली लाइव वर्कशॉप

# मेहनत के साथ ही विश्वास तय करता है सफलता का पैमाना

इंदौर. कई लोग काफी मेहनत करते हैं फिर भी सफल नहीं होते जबकि शायद उन लोगों से कुछ कम मेहनत करके भी बेहद सफल होते हैं. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सफलता आपकी मेहनत के साथ ही आपके विश्वास पर निर्भर करती हैं. यदि आप किसी बात पर पूर्ण विश्वास करते हैं तो आपके शरीर का हर सेल उस लक्ष्य को प्राप्त करने में आपकी मदद करता है जबकि यदि आप खुद ही किसी बात पर यकीं नहीं करते तो पुरजोर कोशिश करने के बावजूद भी आप सफल नहीं होंगे. इस बात को एक बेहद प्रभावी गतिविधि के जरिए समझाया लाइफ कोच और हिप्नोथेरेपिस्ट हरीश साई रमन ने.



गुरुवार शाम को होटल मेरियट में फिक्की फ्लो द्वारा आयोजित मोटीवेशनल वर्कशाप 'एक्सेलरेट' 'अ लाइफ चेंजिंग जर्नी आफ ब्रेकथ्रूज, बिलीफ एंड बियांड' में हरीश जी ने ऐसी कई काइन्सियोलॉजिकल एक्टिविटीज कराई, जो किसी इंसान के विश्वास और अविश्वास को समझने में कारगर है. इसी के तहत उन्होंने अपनी ख्यात रॉड बेंडिंग एक्टिविटी भी करवाई, जिससे पार्टिसिपेंट्स को अपनी सीमित मान्यताओं को दूर करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद मिल सके. इस इंटरएक्टिव सत्र में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा, कि फ्लो में हम एक उद्देश्य के साथ जुड़ते हैं. हर्ष साई रमन का सत्र हमारे थीम 'एम्पावरमेंट थ्रू अवेयरनेस एंड एक्शन' की सच्ची झलक था. यह आत्मखोज की यात्रा थी, जिसने हर शख्स को भीतर तक छुआ. कार्यक्रम का समापन सीनियर वाइस चेयर आर्किटेक्ट वंदना गुजराती द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### बेहतर चाहिए तो परिवर्तन लाना होगा

सेशन के दौरान श्री हरीश ने कहा कि अपने व्यवहार की ओनरशिप लेना सीखिए क्योंकि रिजल्ट उसी पर निर्भर करता है. वही आपका व्यवहार आपकी भावनाओं पर निर्भर करता है और भावनाएं सोच पर निर्भर करती है इसलिए यदि आप नकारात्मक सोचेंगे तो रिजल्ट पॉजिटिव कभी नहीं आ सकते हैं. यदि जीवन में कुछ नया या बेहतर चाहिए तो परिवर्तन लाना होगा और परिवर्तन लाने के लिए आपको अपने बिलीफ सिस्टम को बदलना होगा. अपने अनुभवों से सीख लें और खुद को विश्वास दिलाएं कि कल बेहतर होगा. यही विश्वास बेहतर कल की नींव है.